आकाशवाणी शिमला
16.04.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

चुनाव

प्रदेश में पहली जून को होने वाले लोकसभा चुनाव और छः विधानसभा सीटों पर उप चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां तेज होने लगी है। भाजपा ने एक ओर जहां लोकसभा व विधानसभा उप चुनावों के लिए अपने प्रत्याशियों का एलान कर दिया है वहीं कांग्रेस ने अभी तक शिमला व मंडी संसदीय क्षेत्रों पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। हमीरपुर और कांगड़ा लोकसभा सीटों के अलावा विधानसभा उप चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी अपने प्रत्याशियों के नाम तय करने पर मंथन कर रही है। प्रदेश में इन चुनावों के लिए सात मई को अधिसूचना जारी होगी और इसी दिन से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो जाएगी जो 14 मई तक चलेगी। हालांकि राज्य में चुनाव के लिए अभी लगभग डेढ महीना बाकि है लेकिन दोनों ही प्रमुख दलों ने चुनाव प्रचार की शुरूआत कर दी है। केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर आज ऊना में चुनाव प्रचार कर रहे हैं। मंडी लोकसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी कंगना रणौत भी अनेक स्थानों पर चुनाव प्रचार कर रही हैं।

जयराम

विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने राज्य सरकार पर विकास के मामले में मण्डी जिले की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। मण्डी में आज पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी को इसका खामियाजा भुगतना पड़ेगा। जयराम ठाकुर ने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार द्वारा मण्डी जिले में शुरू किए गए विकास कार्यों को मौजूदा सरकार ने पूरी तरह बंद कर दिया है। उन्होंने कहा कि मण्डी में एक ओर जहां शिवधाम का काम रोक दिया गया है वहीं भाजपा सरकार द्वारा मण्डी को दिए गए विश्वविद्यालय को भी बंद करने के प्रयास किए जा रहे हैं। विपक्ष के नेता ने कहा कि बल्ह में प्रस्तावित हवाई अड्डे के निर्माण की सारी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद भी इसके काम को आगे नहीं बढाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो संकल्प पत्र जारी किया है उसमें देश के विकास का विजन नजर आता है लेकिन कांग्रेस पार्टी को ये रास नहीं आ रहा है।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री व मण्डी संसदीय क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह ने आगामी लोकसभा चुनाव में अपनी जीत का दावा किया है। शिमला में आज पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि मण्डी का चुनाव क्षेत्रीय मुददों पर लडा जाएगा और इस सीट पर पूरे देश की नजरें है। विक्रमादित्य सिंह ने भाजपा नेताओं को कांग्रेस की बजाए अपनी पार्टी की चिंता करने की सलाह दी।

राजीव बिंदल

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष राजीव बिंदल ने कहा है कि केंद्र में मोदी सरकार का 10 वर्ष का कार्यकाल सुशासन के नाम से जाना जाएगा और इस दौरान सरकार ने कई क्रांतिकारी व कल्याणकारी निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत और हिमकेयर योजना का लाभ हिमाचल के लाखों लोगों को मिला है और भाजपा ने आयुष्मान भारत योजना का दायरा बढ़ाने का महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। राजीव बिंदल ने कहा कि भाजपा के पास एक सशक्त नेतृत्व, नीति और नियत है जबकि कांग्रेस के पास ऐसा कुछ भी नहीं है।

संजय अवस्थी

प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष संजय अवस्थी ने कहा है कि कांग्रेस पार्टी एकजुट है और सभी नेता व कार्यकर्ता आगामी चुनाव के लिए मिलजुल कर काम कर रहे हैं। उन्होंने शिमला में कांग्रेस के चुनाव वॉर रूम में पार्टी पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की और कहा कि कांग्रेस पार्टी राज्य सरकार द्वारा लगभग डेढ़ वर्ष के दौरान किए गए विकास कार्यों और उपलब्धियों को लेकर जनता के बीच जाएगी। अवस्थी ने दावा किया कि कांग्रेस सरकार ने अब तक अपनी 10 में से पांच गारंटियों को पूरा कर दिया है। उन्होंने सभी नेताओं व कार्यकर्ताओं से आगामी लोकसभा चुनाव और विधानसभा उप चुनाव में पार्टी की जीत में सक्रिय योगदान देने का आहवान किया।

दुर्गा अष्टमी

चैत्र नवरात्रि के आठवें दिन आज मां दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा अर्चना की गई। प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित अन्य मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लम्बी कतारें लगी रहीं। भजन कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। प्रदेश के सभी शक्तिपीठों सहित मंदिरों में आज अष्टमी पर मेले भी आयोजित किए गए और शक्तिपीठों में प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा व सुविधा के लिए पुख्ता इंतजाम किए गएं। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने अष्टमी के मौके पर शिमला के कालीबाड़ी मंदिर में पूजा अर्चना की। उन्होंने कहा कि आज बेटियां हर क्षेत्र में आगे हैं और अष्टमी के दिन कंजक पूजन से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को भी बल मिलता है। इस मौके पर लेडी गर्वनर जानकी शुक्ल भी मौजूद रही।